33

न्यायालय उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज,लखनऊ।

वाद संख्या– 09 / 2015–16
ग्राण्ड व्यापार प्रा0 लि0 आदि बनाम ग्राम सभा
धारा–101 रा0संहिता 2006
ग्राम– मोअज्जमनगर

निर्णय

प्रस्तुत वाद की कार्यवाही ग्राण्ड व्यापार प्रा0 लि0 द्वारा निदेशक–रामगोपाल पुत्र चुन्नीलाल कार्यालय बी–46 जे0 पार्क ,महानगर विस्तार,लखनऊ,कन्सटोरियम सदस्य श्री हरिबर्टर लि0 जिला लखनऊ, सिनर्जी टाईअप प्रा0 लि0 द्वारा निदेशक राजेश कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 राज नरायन दीक्षित कार्यालय बी–46,जे पार्क ,महानगर विस्तार,लखनऊ,कन्सटोरियम सदस्य श्री हरिबर्टर लि0 जिला लखनऊ, के प्रार्थनापत्र के आधार पर प्रारम्भ की गई जिसके द्वारा अवगत कराया गया कि भूमि संख्या 84/0.316हे0 स्थित ग्राम मोअज्जमनगर वादीगण के नाम दर्ज है वादीगण वादीगण कम्पनी श्री हरिबार्टर लि0 के कन्स्टोरियम सदस्य है श्री हरिबार्टर द्वारा संचालित समाजवादी आवास योजना के मध्य गाटा संख्या 69/0.111हे0 जो कि गांव सभा के खाते मे का दर्ज सम्पूर्ण रकबा एवं गाटा संख्या 211क रकबा 0.0250हे0 बंजर एवं 211ख मि. रकबा 0.1850हे0 नवीन परती के खाते मे दर्ज कुल रकबा 0.2100हे0 मे से रकबा 0.126हे0 एवं गाटा संख्या–66/0.0220हे0 बंजर के खाते मे दर्ज सम्पूर्ण रकबा स्थित ग्राम मोअज्जमनगर मे पड़ रहा है। वादीगण अपने नाम दर्ज गाटा संख्या 84/0.316हे0 मे से गाटा संख्या 69/0.111हे0 जो कि गांव सभा के खाते मे दर्ज का सम्पूर्ण रकबा एवं गाटा संख्या 211क/0.025हे0 बंजर एवं 211खमि0/0.185हे0 नवीन परती के खाते मे दर्ज कुल रकबा 0.210 मे से रकबा 0.126हे0 एवं गाटा संख्या 66/0.022हे0 बंजर के खाते मे दर्ज सम्पूर्ण रकबा कुल विनियम योग्य रकबा 0.259हे0 से विनिमय करना चाहता है। उक्त के आधार पर वादिनी द्वारा विनिमय किए जाने का अनुरोध किया गया।

15540
25/2/23

प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार मोहनलालगंज से आख्या प्राप्त की गई। तहसीलदार मोहनलालगंज के माध्यम से प्राप्त आख्या दिनांक 12.08.2016 मे कहा गया कि ग्राम मोअज्जमनगर परगना व तहसील मोहनलालगंज लखनऊ मे स्थित गाटा संख्या 84/0.316हे0 भूमि वादीगणो के नाम वर्तमान राजस्व अभिलेखो मे सं0भू0 दर्ज है। वादीगण गाटा संख्या 84स/0.259हे0 भूमि का विनिमय गांव सभा की गाटा संख्या 66/0.022हे0 व 69/0.111हे0 तथा 211ख/0.126हे0 कुल रकबा 0.259हे0 भूमि का विनिमय चाह रहे है। तहसीलदार मोहनलालगंज की आख्या के साथ एजेण्डा व विनिमय हेतु भूमि का तुलनात्मक विवरण व जो0च0आ0पत्र 41–45 की प्रतिलिपि प्रस्तुत की गई। तहसीलदार मोहनलालगंज द्वारा उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की धारा 101 (1)(1ख) मे विहित प्राविधान के कम मे विनिमय किए जाने की संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की गई।

वाद दर्ज कर पक्षों को नोटिस निर्गत की गई । किसी प्रकार की कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई। पत्रावली का अवलोकन व परिशीलन किया गया। वादीगण गाटा संख्या 84स/0.259हे0 भूमि का विनिमय गांव सभा की गाटा संख्या 66/0.022हे0 व 69/0.111हे0 तथा 211ख/0.126हे0 कुल रकबा 0.259हे0 स्थित ग्राम मोअज्जमनगर भूमि का विनिमय किए जाने का अनुरोध किया गया। ग्राम सभा के प्रस्ताव दिनांक 12.08.2016 के द्वारा प्रश्नगत वादीय भूमि के मध्य विनिमय किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। तहसीलदार मोहनलालगंज के माध्यम से प्राप्त आख्या दिनांक 12.08.2016 मे कहा गया कि उपरोक्त भूमियों,विनिमय मे दी गई भूमि और प्राप्त की गई भूमि विहित रूप से अवधारित मूल्याकंनो के मध्य अन्तर शून्य है। उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 यथा संशोधित(2016) की धारा 101 की उपधारा(1)(1ख) के विनिमय के अनुसार विनिमय किया जा सकता है। तहसीलदार मोहनलालगंज द्वारा उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की धारा 101 (1)(1ख) मे विहित प्राविधान के कम मे विनिमय किए जाने की संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की गई। ऐसी स्थिति मे वादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पर प्राप्त आख्या को स्वीकार करने मे कोई विधिक आपत्ति प्रतीत नही होती है।

33/2

आदेश

अतः तहसीलदार मोहनलालगंज से प्राप्त आख्या दिनांक 12.08.2016 के आधार पर भूमि संख्या 84स/0.259हे0 स्थित ग्राम मोअज्जमनगर परगना व तहसील मोहनलालगंज,लखनऊ से ग्राण्ड व्यापार प्रा0 लि0 द्वारा निदेशक–रामगोपाल पुत्र चुन्नीलाल कार्यालय बी–46 जे0 पार्क महानगर विस्तार,लखनऊ,कन्सटोरियम सदस्य श्री हरिबर्टर लि0 जिला लखनऊ, सिनर्जी टाईअप प्रा0 लि0 द्वारा निदेशक राजेश कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 राज नरायन दीक्षित कार्यालय बी–46,जे पार्क ,महानगर विस्तार,लखनऊ,कन्सटोरियम सदस्य श्री हरिबर्टर लि0 जिला लखनऊ का नाम निरस्त करते हुए प्रश्नगत वादीय भूमि को गांव सभा के नवीन एवं बंजर खाते मे दर्ज किया जाता है तथा भूमि गाटा संख्या 66/0.022हे0 व 69/0.111हे0 तथा 211ख/0.126हे0 कुल रकबा 0.259हे0 स्थित ग्राम मोअज्जमनगर परगना व तहसील मोहनलालगंज,लखनऊ को गांव सभा के नवीन एवं बंजर खाते की भूमियो से निरस्त करते हुए ग्राण्ड व्यापार प्रा0 लि0 द्वारा निदेशक–रामगोपाल पुत्र चुन्नीलाल कार्यालय बी–46, जे0 पार्क ,महानगर विस्तार,लखनऊ,कन्सटोरियम सदस्य श्री हरिबर्टर लि0 जिला लखनऊ, सिनर्जी टाईअप प्रा0 लि0 द्वारा निदेशक राजेश कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 राज नरायन दीक्षित कार्यालय बी–46,जे पार्क महानगर विस्तार,लखनऊ,कन्सटोरियम सदस्य श्री हरिबर्टर लि0 जिला लखनऊ के नाम दर्ज किया जाता है। आदेश की प्रति तहसीलदार मोहनलालगंज को वास्ते अनुपालन हेतु प्रेषित हो।बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली संचित अभिलेखागार हो।

16.8.16

उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज,
लखनऊ।

15546
25/7/23

प्रार्थना पत्र प्राप्त की तिथि 25/7/23
प्रार्थना पत्र तैयार करने की तिथि 27/7/23
प्रतिलिपि देने की तिथि 27/7/23
प्रतिलिपि शुल्क 13
शब्दों की संख्या

प्रतिलिपि कर्ता का नाम
प्रतिलिपि कर्ता
... कर्ता
तिथि 27/7/23

प्रमाणित प्रतिलिपि
राजस्व अभिलेखागार
कार्यालय जिलाधिकारी
लखनऊ
27/7/23